## महत्वपूर्ण एवं खास

### माघी पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर भोलेनाथ के दर्शन किये

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र खारून नदी, महानदी, शिवनाथ, अरपा, पैरी, केलो, इब नदी सहित अनेक नदियों में सुबह से ही पूर्णिमा का पुण्य स्नान कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किये। ज्ञातव्य है कि आज से ही छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम में महानदी में डुबकी लगाकर कुलेश्वर महादेव के दर्शन किये। आज से ही राजिम में माघी पुन्नी का मेला प्रारंभ हो गया जो 24 फरवरी तक जारी रहेगा।

### 500 बोरी सीमेंट खरीदने में हुई धोखाधड़ी, 70 हजार का लगा चूना

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर में लोहा सीमेंट एवं छड़ सहित विभिन्न सामाग्रियां बेचने वाले भी लोगों के साथ इन दिनों मोबाइल पर सौंदा करने के बाद खाते में पैसा आने पर माल सप्लाई न कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार आदेश जैन आयु 43 वर्ष पिता कैलाश जैन निवासी समता कालोनी ई 94 शिव मंदिर के साथ विक्रेता द्वारा सस्ता सीमेंट बेचने का ऑफर मोबाइल कॉल कर दिया गया। प्रार्थी द्वारा 500 बोरी सीमेंट का आर्डर देने पर मॉल वाहक वाहन में सीमेंट की बोरी लोड की गई किंतु कीमती 70 हजार रुपये खाते में आने के बाद उक्त सामाग्री क्रेता को नहीं पहुंचाकर धोखाधड़ी की गई।

### एसबीआई के एटीएम का फर्जी क्लोन बनाकर 80 हजार की धोखाधड़ी की

**» अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज**

**रायपुर (आरएनएस)।** बैंक के खातेदारों को दिये गए एटीएम कार्ड का क्लोन बनाकर खाते से राशि आहरण करने की वारदातों में लगातार इजाफा हो रहा है इसी कड़ी में विकास चंद्र साहा 58 वर्ष पिता स्व. बीके साहा निवासी श्रीराम टॉवर टाटीबंध के पास अज्ञात आरोपी ने एसबीआई बैंक का उनके एटीएम का फर्जी क्लोन बनाकर दस बार पैसे का आहरण कर कुल 80 हजार रुपये की धोखाधड़ी की। उक्त मामले में सरस्वती नगर थाने में आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### निर्माणाधीन मकान में करंट लगने से युवक की मौत, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** निर्माणाधीन मकानों में सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी से आये दिन दुर्घटनाएं घटती रहती है। इसी कड़ी में रमेश कुमार निषाद पिता नारायण प्रसाद निषाद द्वारा आमा सिवनी रायपुर में मकान निर्माण करवाया जा रहा था उस दौरान ठेकेदार ओम प्रकाश खट्टर के अधीन काम करने वाले श्रमिक 20 वर्षीय युवक फूल सिंह ध्रुव का हाथ चालू बिजली लाइन लगने से मौके पर ही तत्काल प्रभाव से मौत हो गई। अस्पताल में युवक का इलाज कराने के लिए पहुंचे ओम प्रकाश को डॉक्टर ने ध्रुव मृत्यु होने की सूचना दी। उक्त मामले में आजाद चौक थाने ने निर्माणाधीन मकान मालिक एवं ठेकेदार के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मामला कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### ओएलएक्स में सामान बेचने की आड़ में 49 हजार की धोखाधड़ी हुई, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** ऑन लाइन खरीद बिक्री की आड़ में आये दिन धोखाधड़ी होती रहती है। इसी कड़ी में शिवानंद नगर खमतराई निवासी राजपाल मौर्या 41 वर्ष पिता राममिलन मौर्या द्वारा ओएलएक्स में घर का पुराना सामान बिक्री करने के लिए विज्ञापन दिया गया था। जिस मोबाईल धारक 91016-49757 द्वारा उक्त सामान गूगल के माध्यम से खरीदने पर कुल राशि पीड़ित को खाते में जमा करने की जानकारी दी गई किंतु चार बार 49 हजार रुपये की राशि खरीददार के खाते से आहरण कर धोखाधड़ी की गई।

### मंत्री मोहम्मद अकबर कल राजीव भवन में रहेंगे उपस्थित

**रायपुर (आरएनएस)।** मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में 25 वी बार 10 फरवरी सोमवार को राजीव भवन में मोहम्मद अकबर कांग्रेसजनों से मिलेंगे। 10 फरवरी सोमवार को मिलिये मंत्री से कार्यक्रम में वन आवास एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर दोपहर 1.00 बजे से राजीव भवन में कांग्रेसजनों से मिलेंगे। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनसामान्य से मुलाकात कर अपने विभाग से संबंधित समस्याओं, शिकायत एवं सुझाव पर आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने पालकों से कहा-बच्चों पर परीक्षा में उच्च अंक लाने का दबाव न डालें

**» मुख्यमंत्री ने पालकों से कहा-बच्चों पर परीक्षा में उच्च अंक लाने का दबाव न डालें परीक्षा की तैयारी में दें सहयोग**

**» बच्चों से कहा- डर छोड़कर साहसी बने, अपनी मेहनत पर रखें भरोसा**



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की सातवी कड़ी में 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम' विषय पर विद्यार्थियों से आत्मीयता के साथ बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि समय का पूरा सदुपयोग करें, परीक्षा के समय खाना-पीना सादा रखें, हल्का व्यायाम करें। मोबाइल, टीवी आदि से दूर रहें, जिससे आंखों को आराम मिले और दिमाग भी शांत रहे। श्री बघेल ने कहा कि आप अपना पूरा प्रयास करें अधिक अंक मिले तो अच्छा है और न मिले तो भी अच्छा है। इससे कुछ बनता बिगड़ता नहीं है। बिना उच्चतम अंक पाए बहुत से लोग अपने बेहतर कार्यों के दम पर शिखर पर पहुंचे हैं।

उन्होंने बच्चों को परीक्षा की तैयारी, तनाव से निपटने के उपायों की जानकारी देते हुए बच्चों के अभिभावकों से भी यह आग्रह किया कि वे परीक्षा की तैयारी में अपने बच्चों के सहयोगी बने। परीक्षा में उच्च अंक लाने का उन पर दबाव न डाले। प्रदेश के विभिन्न शहरों और गांवों के बच्चों ने मुख्यमंत्री से अनेक सवाल पूछे जिनका मुख्यमंत्री ने सिलसिलेवार जवाब दिया। श्री भूपेश बघेल ने बच्चों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि मैं चाहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा समय आपके साथ बिताऊ। बच्चों के साथ बातचीत करने से मुझे भी अपने बचपन के दिन याद आते हैं।

**डर छोड़कर साहसी बने, अपनी मेहनत पर रखें भरोसा**

श्री बघेल ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि 'जो रखते हैं उड़ने का शौक, उन्हें नहीं होता गिरने का खौफ'। मुख्यमंत्री ने परीक्षा के समय होने वाले डर और तनाव से निपटने के उपायों के संबंध में कहा कि सबसे पहले तो इस डर के मनोविज्ञान को समझना जरूरी है।

## नगरीय प्रशासन मंत्री ने कबीर संस्थान विकास के लिए किया 48.40 लाख रूपए की घोषणा

**रायपुर (आरएनएस)।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास मंहत के साथ ही राज्य के मंत्रिगणों ने गोबरा-नवापारा में आयोजित सत्संग समारोह में कबीर पंथ के गुरूदेव धर्मेन्द्र साहेब से प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री ने कबीर संस्थान के विकास के लिए किया 48.40 लाख रूपए की घोषणा भी की।

आशीर्वाद लेने वालों में प्रमुख रूप से विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, नगरीय प्रशासन और श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री और विधायक धनेन्द्र साहू आदि शामिल थे। ज्ञात हो कि गोबरा-नवापारा में तीन दिवसीय 38वां कबीर संत्सग समारोह का आयोजन किया गया है। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने इस मौके पर कहा कि हमारे देश में अनेक संत और महात्मा हुए है, लेकिन कबीर पंथ की अपना एक अलग ही पहचान है। छत्तीसगढ़ में भी संत गुरूघासीदास जी जैसे महात्मा जन्म लिए। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय से ही साधु-संतों के आशीर्वाद से समाज और देश का विकास शांति और सौहार्द पूर्वक होते रहे हैं। राज्य सरकार भी समतामूलक समाज के निर्माण और उनके विकास के लिए तत्पर है। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## कांकेर जिले में हर साल होगा ''लयांग-लयोर करसाना पण्डुम' - भूपेश बघेल

**» समापन समारोह में 10 हजार से अधिक लोगों ने किया एक साथ रेला नृत्य**



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में आयोजित ''लयांग-लयोर करसाना पण्डुम'' जिला स्तरीय शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हए। इस अवसर पर उनके द्वारा 79 करोड़ 64 लाख 04 हजार रूपये के 202 कार्यों का भूमि पूजन एवं 05 करोड़ 36 लाख 99 हजार रूपये के 02 कार्यों को लोकार्पण भी किया गया, साथ ही 02 हजार 202 हितग्राहियों को 11 लाख 89 हजार रूपये के विभिन्न सामग्रियों का वितरण भी किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि वार्षिक परीक्षा के बाद मार्च-अप्रैल माह में बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया जायेगा। ''लयांग-लयोर करसाना पण्डुम'' में शामिल सभी युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि कांकेर जिले में हर साल इस प्रकार के आयोजन किये जाएंगे।



### मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि रविदास जयंती पर उन्हें नमन किया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महान संत एवं समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री ने अपने सन्देश में कहा है कि संत रविदास ने सामाजिक बुराईयों को दूर कर समाज में एकता और भाईचारा स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## पिकअप सहित 68 बोरा अवैध धान पुलिस ने किया जप्त



**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के पखांजुर क्षेत्र अनर्तगत सीमावर्ती इलाके में थाना प्रभारी शरद दुबे के नेतृत्व में पी 132 रोड पर महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन में लोड की हुई 68 बोरा धान 25 चिंटल को गाड़ी सहित जब्तीनामा बनाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन में परिवहन कर रहे 68 बोरा धान 25 चिंटल को रोक कर पूछताछ की गयी तो वाहन चालक ने पुलिस टीम के सवालों का सटीक जबाब नही दे पाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी शरद दुबे ने तत्काल गाड़ी का जब्तीनामा बनाते हुए अवैध धान बिना किसी कागजी दस्तावेज के परिवहन करते जाते पाये जाने पर धारा 102 सीआरपीसी के तहत जप्त किया गया है। धान के अवैध परिवहन व बाहर से लाकर धान खपाने वालो पर पुलिस की टीम निगरानी रख रही है। पड़ोसी राज्य से धान लाकर खपाने वाले बिचौलियों पर नकेल कसने सरकार ने प्रशासनिक अमले को सचेत रहने की बात कही है।

## 23 करोड़ के आबंटन में 1000 करोड़ का घपला कैसा?

**» समाज कल्याण विभाग में गड़बड़ी का मामला**




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग के कथित एक हजार करोड़ का घपला जांच में खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत को चरितार्थ करता है। जिस विभाग के कुल बजट में 80 प्रतिशत पेंशन तथा शेष राशि परित्यक्ताओं , विधवाओं एवं अन्य सेवा मदों में व्यय की जाती है। ऐसा प्रतीत होता है, कि किसी विशेष अधिकारी को लक्ष्य बनाकर जानबूझकर अपमानित करने की योजना के तहत उक्त आरोप लगाए जा रहे है। विश्वस्त सूत्रों से मिली खबर के अनुसार समाज कल्याण विभाग का वर्ष 2003-04 में बजट 108 करोड़ था। वहीं वर्ष 2019-20 में कुल बजट 969 करोड़ है। इस बजट का अधिकांश हिस्सा सीनियर सिटीजंस, दिव्यांगजनों, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं को पेंशन देने में व्यय होता है। विभागीय आंकड़ो के अनुसार वर्ष 2003-04 में कुल बजट लगभग 108 करोड़ का 80 प्रतिशत अर्थात 92 करोड़ रुपए पेंशन के लिए व्यय किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2019-20 में दिसंबर माह तक 682 करोड़ का व्यय पेंशन हेतु किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा अपने बजट का 80 प्रतिशत राशि पेंशन वितरण में चला जाता है। इसी तरह विभागीय कर्मचारियों के लिए वेतन भत्ते में लगभग 5 प्रतिशत का बजट होता है। उल्लेखनीय है, कि उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिकाकर्ता द्वारा विगत 10 वर्ष में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत निःशक्तजन संस्थान में एक हजार करोड़ के घपले किए जाने बाबत् शपथपत्र दिया गया था जबकि इस अंतराल में संस्थान को मात्र 23 करोड़ का बजट विभिन्न स्त्रोतों से उपलब्ध हुआ था। इसका उपयोग दिव्यांगजनों को ग्रामीण स्तर तक सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रशासनिक एवं सामुदायिक अमले के प्रशिक्षण , उनके लिए निति निर्माण, अत्याधुनिक उपकरण निर्माण, उपचार एवं आर्थिक स्वावलंबन पर किया गया।

### नगरपालिका जांजगीर नैला में लोकवाणी के सामुहिक श्रवण का आयोजन



**जांजगीर-चांपा** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आम जनता से रूबरू चर्चा का लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी के सामुहिक श्रवण का आयोजन आज नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला के सभाकक्ष में किया गया। सभाकक्ष में नगर पालिका के अध्यक्ष श्री भगवान दास गढ़ेवाल, पार्षद श्रीमती भगवंतीन, विवके सिसोदिया सहित जनप्रतिनधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने लोक वाणी कार्यक्रम की आज प्रसारित कड़ी में परीक्षा की तैयारी, इस दौरान बच्चों के प्रति पालकों का ब्यवहार, युवा केरियर निर्माण, रोजगार के अवसर, युवा महोत्सव और इसके आयोजन के उद्देश्य सहित अन्य समसामयिक विषयों पर शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों की विस्तृत और उपयोगी जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की सातवी कड़ी में 'परीक्षा प्रबंधन और युवा कैरियर के आयाम' विषय पर विद्यार्थियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि समय का पूरा सदुपयोग करें, परीक्षा के समय खाना-पीना सादा रखें, हल्का व्यायाम करें। मोबाइल, टीवी आदि से दूर रहें।

## राजिम मेला देखने फ्रांस से पहुंचे नौ विदेशी मेहमान

**रायपुर (आरएनएस)।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज से राज्य के प्रयाग स्थली राजिम में माघी पुन्नी मेला प्रारंभ हो गया है। इधर मौसम भी मेहरबान हो गया है और करीब एक सप्ताह के बाद आज स्वच्छ आसमान में सूर्यदेव के दर्शन हुए। इधर राजिम मेला की शुरूआत होते ही फ्रांस से 9 सदस्यीय पर्यटकों का एक दल भी राजिम पहुंच गया है। विदेशी पर्यटक राजिम मेला का वैभव देख हतप्रभ हैं, विदेशियों का यह दल राजिम मेला के साथ ही आसपास के दर्शनीय स्थलों की सैर करेंगे। धर्म और अध्यात्म की नगरी माने जाने वाले राजिम में आज से माघी पुन्नी मेला शुरू हो गया है। प्रातःकाल श्रद्धालुओं ने यहां पवित्र त्रिवेदी संगम में डूबकी लगाई और भगवान कुलेश्वर महादेव के दर्शन के साथ ही राजीव लोचन प्रभु के दर्शन किए। इधर देश के साथ ही विदेशों में प्रसिद्ध हो चुके राजिम मेले को करीब से जानने के लिए फ्रांस से 9 सदस्यीय पर्यटकों का एक दल राजिम पहुंचा है। बताया जाता है कि विदेश से आए मेहमान राजिम मेला की वैभव देख अचंभित है। विदेशी पर्यटकों के साथ आए गाइड ने उन्हें जब यह बताया कि यह मेले का आज पहला दिन है और अभी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ और बढ़ेगी तो वे हतप्रभ रह गए। विदेशी पर्यटकों ने यहां नदी के बींचो-बीच स्थित भगवान कुलेश्वर महादेव का मंदिर देख चकित थे।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पद्मश्री डॉ. महादेव राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम बिदाई, सीएम हुए शामिल

**» मुख्यमंत्री बघेल ने मारवाड़ी शमशान घाट पहुंचकर अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि**



**रायपुर (आरएनएस)।** स्वत्रंतता संग्राम सेनानी और पद्मसम्मान से सम्मानित स्वर्गीय डॉ. महादेव प्रसाद पांडेय को आज राजधानी रायपुर के मारवाड़ी शमशान घाट में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम बिदाई दी गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मारवाड़ी शमशान घाट पहुंचकर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज भारत माता ने अपना एक महान सपूत खोया है। डॉ पाण्डेय अजातशत्रु थे। वे राष्ट्रीय आंदोलन से बाल्यकाल से ही जुड़े थे और बाल्यकाल में ही उन्हें जेल की यात्रा करनी पड़ी । बघेल ने कहा कि उनका निधन पूरे राज्य, देश और उनके स्वयं के लिए व्यक्तिगत क्षति है।

बघेल ने कहा कि स्वर्गीय महादेव प्रसाद पाण्डेय अंतिम क्षणों तक सक्रिय रहे । उन्होंने कहा कि जब महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया गया था, तब कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे व्हील चेयर पर आए। उनका शरीर भले साथ नहीं दे रहा था लेकिन मन में उनके उत्साह में कोई कमी नहीं थी। बघेल ने कहा कि डॉ पाण्डेय उनके पाटन क्षेत्र के निवासी थे और उनका डॉ महादेव प्रसाद पांडे के साथ आत्मीय लगाव रहा। जब भी उनसे मुलाकात होती थी, उनका भरपूर स्नेह और मार्गदर्शन मिलता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे बीमार थे, तो रामकृष्ण अस्पताल जाकर उनसे मुलाकात की। तब डॉ महादेव प्रसाद पांडे ने कहा था कि मैं बीमार था, अब ठीक हो गया हूं जल्द ही मुझे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय ने स्वतन्त्रता संग्राम में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे अंतिम समय तक सार्वजानिक जीवन में सक्रिय रहे। राष्ट्रीय पर्वो और महत्वपूर्ण आयोजनों में वे विशेष रूप से उपस्थित रहते थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU